और दृश्य प्रचार निदेशालय की सूची में शामिल किया गया था ।

(ख) 1980–81, 1985–86, और 1990–91 के दौरान विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय की सूची में शामिल किए गए प्रकाशों की संख्या क्रमश: 2300, 2796 और 3649 थी ।

दिल्ली दूरदर्शन पर क्षेत्रीय भाषाओं के कार्यक्रमों के लिए दिया गया समय

2164. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि 1992–93 के दौरान दिल्ली दूरदर्शन द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं के प्रसारण कार्यक्रमों हेतु कितना समय दिया गया और इस बारे में भाषावार ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : किसी विशेष भाषा में कार्यक्रमों के प्रसारण के लिए दूरदर्शन केंद्र, दिल्ली में कोई विशिष्ट समय आवंटित नहीं किया गया है ।

दिल्ली दूरदर्शन पर राजनैतिक पार्टियों को दिया गया समय

2165. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि 1992–93 के दौरान दूरदर्शन के प्रसारणों में राजनीतिक पार्टियों को दिए गए समय का पार्टीवार ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : इस अवधि के दौरान, लोक सभा/राज्य विधान सभाओं के चुनावों के दौरान मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा आकाशवाणी एवं दूरदर्शन पर प्रसारण संबंधी स्कीम के अंतर्गत दिल्ली दूरदर्शन, केंद्र ने निम्नलिखित राजनैतिक दलों को 15–15 मिनट का समय आवंटित किया :—

(1) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

(2) भारतीय जनता पार्टी

(3) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)

(4) जनता दल

(5) जनता पार्टी

(6) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी

Advertisements in Newspapers/Magazines

2166. **SHRI MOHAMMED AFZAL alias MEEM AFZAL**: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) the total space of advertisements given to various Newspapers/Magazines in terms of centimeters by DAVP during the period 1992-93; and

(b) what are the details of advertisements given in each language every year during the last three years alongwith space?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) During the year 1992-93, DAVP had released a total of 89,82,336 col. cms. space to various newspapers/magazines.

(b) Space-wise details of advertisements given in each language during the last three years i.e. 1991-92, 1992-93 and 1993-94 (April '93 to January '94) are given in the annexed statement